# आरक्षण पर खड़गे और चिराग आमने-सामने

**▸ नौकरियों को लेकर सियासी घमासान**

**नई दिल्ली, 24 अगस्त. सरकारी नौकरियों और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बीच बयानबाजी तेज हो गई है.**

खड़गे ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि आरक्षण को सीधे खत्म करने के बजाय सरकारी पदों को खाली रखकर और स्थायी नौकरियों की जगह ठेका व्यवस्था बढ़ाकर इसे प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है. दूसरी ओर चिराग पासवान ने आरक्षण को संवैधानिक अधिकार बताते हुए कहा कि इसे किसी के कहने मात्र से समाप्त नहीं किया जा सकता. केंद्र सरकार में रिक्त पदों की संख्या 2015 के 4.21 लाख से बढ़कर 2024 में 8.24 लाख हो गई. रेलवे में 2.40 लाख, रक्षा क्षेत्र में 2.41 लाख और गृह मंत्रालय में 1.10 लाख पद खाली हैं. कांग्रेस अध्यक्ष ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में स्थायी नौकरियों में कमी और ठेका कर्मचारियों की हिस्सेदारी बढ़ने का भी दावा किया. उन्होंने कहा कि सरकारी पद खाली रहने से आरक्षण



के तहत मिलने वाले अवसर प्रभावित होते हैं. खड़गे ने पीएसयू में 5.1 लाख स्थायी नौकरियां खत्म होने और ठेका कर्मचारियों की हिस्सेदारी 19% से बढ़कर 49% होने का दावा करते हुए इसे सामाजिक



न्याय से जोड़ा. उनका आरोप है कि इस तरह एससी,एसटी, ओबीसी और ईडब्लूएस वर्गों के संवैधानिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं.इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए चिराग पासवान ने कहा कि आरक्षण कोई खैरात नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकार है. उन्होंने सामाजिक भेदभाव की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज में समानता की स्थिति अभी पूरी तरह स्थापित नहीं हुई है, इसलिए आरक्षण की आवश्यकता को नकारा नहीं जा सकता.चिराग ने कहा कि जब तक वह सरकार का हिस्सा हैं, आरक्षण व्यवस्था को कमजोर या समाप्त करने की किसी कोशिश को स्वीकार नहीं किया जाएगा. इस राजनीतिक बयानबाजी के बीच सरकारी रिक्तियों, रोजगार के स्वरूप और आरक्षण के अवसरों को लेकर बहस फिर तेज हो गई है.

## होर्मुज पर ईरान लेगा टोल, प्रस्ताव को मंजूरी

**तेहरान, 24 अगस्त.** ईरान की संसद ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. जिन देशों के जहाजों को इस समुद्री मार्ग से गुजरने की अनुमति मिलेगी, उनसे समुद्री सेवाओं के बदले फीस ली जाएगी. ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रवक्ता हसन काशकवी के अनुसार, शुल्क के बदले जहाजों को सुरक्षा, इंश्योरेंस और अन्य समुद्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. भुगतान ईरानी रियाल या तेहरान की ओर से स्वीकार की जाने वाली किसी अन्य मुद्रा में किया जा सकेगा.



# वंधामा नरसंहार की 28 साल बाद खुली फाइल

**एक रात में 23 कश्मीरी पंडितों की हुई थी हत्या**

**जांच एजेंसी सिआ ने शुरू की जांच**

**श्रीनगर, 24 अगस्त. जम्मू-कश्मीर में 28 साल पहले कश्मीरी पंडितों के नरसंहार की फाइल दोबारा खुल गई है. जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसी, सिआ ने 1998 में हुए वंधामा नरसंहार की जांच फिर से शुरू कर दी है.**

आतंकवादियों ने 1998 में कश्मीर के गांदरबल जिले के वंधामा गांव में 23 कश्मीरी पंडितों की बेरहमी से हत्या कर दी थी. आतंकियों ने बच्चों और महिलाओं को भी चुन-चुन कर निशाना बनाया था.

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने घाटी में कश्मीरी पंडितों के लक्षित हत्याओं के मामलों में अपनी जांच फिर से तेज कर दी है. इसी कड़ी में एजेंसी ने वंधामा नरसंहार की जांच दोबारा शुरू की है. इसके साथ ही कश्मीरी पंडित नेता टिक्का लाल टपलू और रिटायर्ड जज नीलकंठ गंजू की हत्या के मामलों की भी नए सिरे से जांच होगी. इससे पहले एजेंसी ने कश्मीरी पंडित नर्स सरला भट, लेखक सरवानंद कौल प्रेमी और उनके बेटे वीरेंद्र कौल की हत्या के मामलों को भी दोबारा खोला था. 25 जनवरी 1998 को गांदरबल जिले के वंधामा गांव में भारी हथियारों से लैस आतंकियों ने कश्मीरी पंडित परिवारों के घरों में घुसकर अंधाधुंध गोलीबारी की थी.

> इस घटना में 9 महिलाओं और 4 बच्चों सहित कुल 23 कश्मीरी पंडितों की जान चली गई थी. आतंकियों ने घटना को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या और रमजान के पवित्र महीने में शब-ए-कद्र की रात को अंजाम दिया था. पीड़ितों की हत्या करने के बाद आतंकवादियों ने उनके घरों और एक स्थानीय मंदिर में आग भी लगा दी थी. ये सभी पाकिस्तान के पाले हुए आतंकी थे. हालांकि तब मामले की पूरी जांच नहीं हो पाई. अब दशकों तक अनसुलझे रहे इस केस को अब सिआ के विशेष अभियान के तहत फिर से खंगाला जा रहा है.

# महिलाओं को योगी सरकार का तोहफा

**▸ 60+महिलाओं को जिंदगीभर मुफ्त बस यात्रा**

**लखनऊ, 24 अगस्त. उत्तर प्रदेश में प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बुजुर्ग महिलाओं को बड़ा तोहफा देने की तैयारी हो रही है. योगी सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने इसका ऐलान किया है. उन्होंने कहा प्रदेश में अब 60 साल से ज्यादा उम्र की महिलाएं उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सभी बसों में आजीवन निशुल्क यात्रा कर सकेंगी. जल्द ही सीएम योगी इसका ऐलान कर सकेंगे.**

परिवहन मंत्री रविवार को बलिया पहुंचे थे, जहां उन्होंने तिखमपुर के एक होटल में आयोजित रक्षा बंधन मिलन कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस



दौरान कार्यक्रम में शामिल हुई महिलाओं ने उनकी कलाई पर राखी बांधी और उन्हें शुभकामनाएं दीं.

इस दौरान दयाशंकर सिंह ने 60 साल की महिलाओं को यूपी रोडवेज की सभी बसों में आजीवन निशुल्क यात्रा की सुविधा का ऐलान किया है. परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि महिलाओं को आजीवन निशुल्क यात्रा का ये बहुत बड़ा तोहफा है. ये विधान सभा मे पास भी हो गया है, इसके लिए साल 2026-27 के प्रथम अनुपूरक बजट भी हो गया हैं. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे. आज सोमवार को कैबिनेट की बैठक होगी. जिसमें मुख्यमंत्री जो निर्णय लेंगे वो ही आगे किया जाएगा. बुजुर्ग महिलाओं को आजीवन यूपी रोडवेज़ बसों में यात्रा के लिए सड़क परिवहन निगम को प्रतिकर भुगतान के लिए 100 करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान किया गया है. मंत्री ने इस दौरान कहा कि प्रदेश की योगी सरकार लगातार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है.

## युवा खिलाड़ियों से संवाद करेंगे मोदी

**नई दिल्ली, 24 अगस्त.** नवभारत न्यूज राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर देशभर में बड़े स्तर पर युवा सहभागिता कार्यक्रम 'खेलो इंडिया डायलॉग:खेल की बात, प्रधानमंत्री मोदी के साथ' का आयोजन 27 अगस्त को किया जाएगा. इस पहल के तहत देशभर के 1,500 से अधिक स्थानों पर युवा, खिलाड़ी और शैक्षणिक संस्थान एक साथ जुड़ेंगे. नरेंद्र मोदी युवा उभरते खिलाड़ियों को खेल, युवा नेतृत्व और विकसित भारत के विषय पर संबोधित करेंगे. यह कार्यक्रम युवाओं को भारत के खेल और युवा पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य को लेकर अपने विचार, सुझाव और नवाचार साझा करने के लिए सीधा मंच उपलब्ध कराएगा.

# नागपुर में वॉटर प्लांट में रिसी क्लोरीन, 40 लोग भर्ती

**नागपुर, 24 अगस्त. महाराष्ट्र के नागपुर में सोमवार को जहरीली गैस के रिसाव के चलते कम से कम 40 लोग अस्पताल पहुंच गए हैं. खबर है कि एहतियात के तौर पर क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई है और लोगों से कई सैकड़ों मीटर दूर रहने के लिए कहा गया है.**

बचाव कार्य में जुटे कर्मियों को सुरक्षा किट पहने देखा गया था. कहा जा रहा है कि देर रात से ही सिलेंडर से रिसाव हो रहा था. एक वॉटर प्लांट से क्लोरीन गैस लीक होना शुरू हो गई थी. अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि गोधानी नगर पंचायत में फागो पाटिल ले आउट के पास वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में रिसाव हुआ था. उन्होंने जानकारी दी है कि 900 किलों के क्लोरीन गैस



सिलेंडर से रात करीब 1 बजे से रिसाव शुरू हो गया था.

प्लांट में काम करने वाले और आसपास रहने वाले लोगों ने सांस लेने में दिक्कत की शिकायत की. कहा जा रहा है कि इसके चलते 8-10 प्लांट कर्मचारी और 20-25 अन्य लोगों की तबीयत बिगड़ी है. वहीं, रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस का कनहा है कि स्पर्श हॉस्पिटल और मेयो हॉस्पिटल में 40 लोगों का इलाज चल रहा है.

## एक नजर में

### ब्रुकलिन में भारतीय युवक की गोली मारकर हत्या

**न्यूयोर्क, 24 अगस्त.** न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में एक गोलीबारी की घटना में भारतीय नागरिक गुरदीप सिंह की मौत हो गई. गोलीबारी की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है. मामले की जांच की जा रही है. इस घटना की जानकारी न्यूयॉर्क में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने दी है. भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि गुरदीप सिंह नामक एक भारतीय नागरिक की ब्रुकलिन में हुई गोलीबारी की घटना में मौत हो गई है. भारतीय वाणिज्य दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि वह गुरदीप सिंह के परिवार के संपर्क में है और उन्हें हर संभव मदद दी जा रही है. साथ ही परिजनों के प्रति संवेदना जताई गई है.

### 11 देशों में यूपीआई से 24,162 करोड़ का लेनदेन

**नई दिल्ली, 24 अगस्त.** नवभारत नेटवर्क यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ने भारत में डिजिटल भुगतान को बदलने के 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने भारतीय रिजर्व बैंक के नियामकीय पर्यवेक्षण में 25 अगस्त 2016 को यूपीआई की शुरुआत की थी. एक दशक में यूपीआई भारत के डिजिटल भुगतान तंत्र की रीढ़ बन गया है और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. पिछले एक दशक में यूपीआई ने असाधारण विस्तार और वृद्धि दर्ज की है. वित्त वर्ष 2016-17 में 1.78 करोड़ वार्षिक लेनदेन से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 24,162 करोड़ से अधिक लेनदेन हो गए. यह लेनदेन की मात्रा में लगभग 13,000 गुना वृद्धि है.

### आटा-मैदा-सूजी भी होगी निर्यात

**नई दिल्ली, 24 अगस्त.** नवभारत न्यूज. केंद्र सरकार ने गेहूं से बने कई उत्पादों की निर्यात नीति में बदलाव करते हुए उन्हें प्रतिबंधित श्रेणी से मुक्त श्रेणी में डाल दिया है. विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से जारी अधिसूचना में दी गई. संशोधित नीति के तहत अब गेहूं या मेस्लिन आटा, मैदा, सूजी, होलमील आटा और मिश्रित गेंहू के आटा के निर्यात की अनुमति बिना किसी प्रतिबंध के होगी. घरेलू खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए केंद्र सरकार ने 2022 में गेहूं और गेहूं से बने उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाए थे.

### आतंकी हमले में सुरक्षाकर्मियों समेत 3 की मौत

**इस्लामाबाद, 24 अगस्त.** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है. अलग-अलग इलाकों में सुरक्षा बलों और पुलिस को निशाना बनाकर कई हमले किए गए. इन घटनाओं में 3 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई, जबकि 5 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं. खैबर जिले के तख्त बेग इलाके में जरमत खान शहीद संयुक्त जांच चौकी पर रविवार (23 अगस्त 2026) की देर रात आतंकवादियों ने हमला किया. यह चौकी पुलिस और फ्रंटियर कोर के जवानों की संयुक्त निगरानी में थी. हमलावरों और सुरक्षाकर्मियों के बीच काफी देर तक गोलीबारी हुई. इस दौरान पुलिस कांस्टेबल शुमल शलमानी और फ्रंटियर कोर के अधिकारी नजीर की मौत हो गई. हमले के बाद इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है.

# पी. चिदंबरम ने 'एक देश, एक चुनाव' को बताया असंवैधानिक

**▸ संसद की संयुक्त समिति के सामने रखा प्रस्ताव**

**नई दिल्ली, 24 अगस्त. पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने सोमवार को 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के प्रस्ताव का विरोध किया. उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से जुड़े विधेयकों को असंवैधानिक बताया.**

चिदंबरम ने यह बात संसद की संयुक्त समिति के सामने अपनी राय रखते हुए कही. सूत्रों के अनुसार, उन्होंने प्रस्ताव को बिना पर्याप्त विचार के तैयार किया गया कदम बताया. उन्होंने कहा कि उनका जमीर ऐसे विधेयकों के



समर्थन की अनुमति नहीं देता. चिदंबरम की आपत्ति मुख्य रूप से निर्वाचित सदनों के कार्यकाल से जुड़ी हुई है. उनके अनुसार लोकसभा और विधानसभाओं का सामान्य कार्यकाल पांच वर्ष निर्धारित है.

## मछली भोज पर अजय राय की योगी को चुनौती

**लखनऊ, 24 अगस्त.** अयोध्या में उत्तर प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के स्वागत में आयोजित किए गए मछली भोज पर सियासत गरमा गई है. एक तरफ जहां बीजेपी इस मामले को लेकर हमलावार है और सावन में सनातन धर्म के अपमान का आरोप लगा रही है. वहीं कांग्रेस ने भी पूरे मामले को लेकर बीजेपी पर सवाल उठाया है. अजय राय ने कहा कि अगर मेरी एक तस्वीर मछली खाते हुए सामने आए तो प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दूंगा और अगर बीजेपी को तस्वीर नहीं मिली तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस्तीफा दें. अजय राय यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि बीजेपी पूरी तरह से इस देश को बर्बाद करने का काम कर रही है.

# साल में 3 एलपीजी सिलेंडर मुफ्त देंगे थलपति

**▸ महिलाओं के लिए डीलक्स बस भी फ्री**

**चेन्नई, 24 अगस्त. तमिलनाडु में थलपति विजय ने महिलाओं के लिए बड़ा खजाना खोल दिया है. राज्य की महिलाओं को अब जल्द ही साल में 3 एलपीजी सिलेंडर मुफ्त में मिलेंगे. मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने सोमवार को विधानसभा में इसकी घोषणा है.**

तमिलगा वेत्री कड़गम प्रमुख ने महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा को और बढ़ाने की भी घोषणा की है. इससे पहले सीएम विजय ने विधानसभा में सोमवार को कई नई कल्याणकारी योजनाओं का ऐलान किया. विजय ने ऐलान किया है कि 'अन्नापूरणई सुपर



सिक्स' के तहत सालाना 2.5 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों को हर साल तीन मुफ्त एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे. यह योजना अगले साल जनवरी में पोंगल के मौके पर शुरू हो जाएगी. योजना के तहत सरकार सिलेंडर खरीदने पर खर्च की गई राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में ट्रांसफर करेगी. इस

> विजय सरकार इस योजना पर हर साल करीब 4,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी. मुख्यमंत्री विजय ने विधानसभा में कहा है कि खाड़ी क्षेत्र में युद्ध की स्थिति और गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों से लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है. ऐसे में सरकार जनता से किया गया वादा पूरा करते हुए यह राहत दे रही है. विजय ने कहा, खाड़ी क्षेत्र में युद्ध जैसी परिस्थितियों और रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों से लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है.

योजना से करीब 1.30 करोड़ परिवारों को फायदा मिलने का अनुमान है.

# जेपीएससी सीजीएल में एजेंटों का खेल

**▸ परीक्षा नियंत्रक के इशारे पर हुए पेपर लीक**

**रांची, 24 अगस्त। झारखंड जेपीएससी-सीजीएल मामले में सीआईडी की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. परीक्षा गड़बड़ी में गिरफ्तार मो. एबाद ने चौंकाने वाले खुलासे किए. एबाद के बयान के अनुसार, परीक्षा उप-नियंत्रक रहीं श्वेता और अभय तिवारी के निर्देश पर ही एजेंट अभ्यर्थियों से संपर्क करते थे. पूरी सेटिंग होने के बाद ओएमआर तथा ओएसएम में टेंपरिंग एवं मैनिपुलेशन का काम किया जाता था.**

उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के रोनाही गांव निवासी मो.एबाद ने बताया कि जुलाई 2023 में वह



पिकार टेक्नोलॉजी प्रालि में टेक्निकल सपोर्ट के तौर पर मात्र 12,500 रुपए मासिक वेतन पर कार्यरत था. बाद में कंपनी के निदेशक मो. उस्मान, जो टीडीपीएल कंपनी के अंतर्गत जेपीएससी कार्यालय रांची में टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर के रूप में काम कर रहे थे, ने उसे टीडीपीएल के प्रोजेक्ट में 18,000 रुपए मासिक वेतन पर हेल्प डेस्क कार्य का प्रस्ताव दिया, जिसे उसने स्वीकार कर लिया.

### जेपीएससी गड़बड़ी भी पहुंची सुको

**रांची, 24 अगस्त.** झारखंड लोक सेवा आयोग की 2025 की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में नियमितताओं का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों की केंद्रीय जांच ब्यूरो या किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. अदालत ने मामले में केंद्र सरकार, झारखंड सरकार, जेपीएससी और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेपीएससी) समेत संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है.

## आज का इतिहास

1351: सुल्तान फिरोजशाह तुग़लक़ तृतीय की ताजपोशी

1916: टोटनबर्ग के युद्ध में रूस ने जर्मनी को पराजित किया।

1940: लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया सोवियत संघ में शामिल हुए.

1952: भारतीय राज्य तमिलनाडु में सबसे पसंदीदा अभिनेता और राजनेताओं में से एक विजयकान्त का जन्म.

1957: भारतीय पोलो टीम ने विश्व कप जीता.

1963: सोवियत संघ के नेता जोसेफ स्टालिन के सोलह विरोधियों को फाँसी पर चढ़ा दिया गया.

# द्रोणाचार्य अवॉर्डी मलखंभ कोच पर पॉक्सो केस

**▸ 16 साल की छात्रा के यौन शोषण का आरोप**

**नई दिल्ली, 24 अगस्त. द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच गणेश प्रभाकर देवरुखकर के खिलाफ प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रंस फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंस यानी पोक्सो में केस दर्ज किया गया है.**

45 साल के मलखंभ कोच के खिलाफ 16 साल की छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई थी. छात्रा मुंबई के एक कॉलेज में पढ़ती है और कई साल से आरोपी कोच से जिमनास्टिक की ट्रेनिंग ले रही थी. मलखंभ फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मुंबई के मलखंभ फेडरेशन से घटना को लेकर जानकारी मांगी गई है. आरोपी कोच फिलहाल फरार है. मुंबई पुलिस मामले की जांच कर रही है.

छात्रा ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार, 21 अगस्त की सुबह वह घर पर पढ़ाई कर रही थी. इसी दौरान मोबाइल पर कोच का वॉट्सएप मैसेज आया, जिसमें सिर्फ हाई लिखा था. छात्रा ने भी जवाब में हाई लिखा और अपनी मां को इसकी जानकारी दी. मां के कहने पर छात्रा ने कोच से मैसेज करने की वजह पूछी.

## हस्तियों के ट्वीट



केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक साझा करते हुए कहा कि उन्होंने मेइजी सेइका फार्मा कंपनी लिमिटेड के प्रेसिडेंट और रिप्रेजेंटेटिव डायरेक्टर तोशियाकी नागासातो से मुलाकात की. उन्होंने फार्मास्युटिकल सेक्टर में भारत-जापान सहयोग को मजबूत करने के मौकों और भारत में कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग और गतिविधियों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की. भारत का फार्मास्युटिकल इकोसिस्टम हमारे जापानी पार्टनर्स के लिए बड़े पैमाने पर काम करने और लंबे समय तक विकास हासिल करने के बेहतरीन मौके देता है.



पूर्व धर्मेंद्र प्रधान ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक साझा करते हुए कहा कि ओजस्वी वक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्म विभूषण श्रद्धेय अरुण जेटली जी की पुण्यतिथि पर आज 'अरुण जेटली पार्क' में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. मेरे लिए वे बड़े भाई समान होने के साथ-साथ एक आत्मीय गुरु और मार्गदर्शक भी थे. छात्र जीवन से ही उनके विचार मुझे निरंतर दिशा देते रहे तथा उनके साथ बिताया समय और उनसे मिली सीख मेरे जीवन की अमूल्य धरोहर है.

**आरटीआई** | **केंद्रीय मंत्रियों के 2014-15 के 27 .47 करोड़ से तीन गुना अधिक बढ़ गया सजावटी खर्च**

# बंगले की सजावट पर 92 करोड़ खर्च

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नागपुर, 23 अगस्त. 2014 से 2019 के बीच मंत्रियों ने मरम्मत और अपग्रेडेशन पर सालाना औसतन 26.78 करोड़ रुपये खर्च किए. इसके बाद 2019 से 2024 के बीच औसत सालाना खर्च बढ़कर लगभग 50 करोड़ हो गया. 2024-25 में यह खर्च 71.98 करोड़ और 2025-26 में 92.35 करोड़ था.**

आरटीआई के जवाब में सीपीडब्ल्यूडी ने उन लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के आवासों पर हुए खर्च का डेटा



नहीं दिया जो मंत्री नहीं हैं और न ही केंद्रीय मंत्रियों और राज्य मंत्रियों के कार्यालयों पर हुए खर्च का डेटा दिया.

दिल्ली, नवभारत ब्यूरो. सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली के लुटियंस बंगले जोन में केंद्रीय मंत्रियों के सरकारी घरों के रेनोवेशन, फर्निशिंग और मरम्मत पर सालाना खर्च 2025-26 में रिकॉर्ड 92.35 करोड़ रुपये तक पहुंच गया. यह 2014-15 में हुए 27.47 करोड़ रुपये के खर्च से तीन गुना से भी अधिक है. सरकार ने 2014-15 से 2025-26 के बीच सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (सीपीडब्ल्यूडी) के जरिए इन कामों पर 547.68 करोड़ रुपये खर्च किए. जो मरम्मत, रेनोवेशन और रखरखाव का काम देखते हैं, अधिकारियों ने बताया कि 2025-26 का आंकड़ा 2014 के बाद से सबसे ज्यादा है. उन्होंने इसके लिए महंगाई और सेंट्रल दिल्ली में बड़े कंपाउंड में बनी पुरानी इमारतों के रखरखाव की बढ़ती लागत को वजह बताया.

**साल दर साल खर्च हुए करोड़ों**

| | |
|---|---|
| 2014-15 | 27 .47 करोड़ |
| 2015-16 | 29 .57 करोड़ |
| 2016-17 | 30 .10 करोड़, |
| 2017-18 | 23 .34 करोड़, |
| 2018-19 | 23 .42 करोड़, |
| 2019-20 | 26 .37 करोड़, |
| 2020-21 | 53 .87 करोड़, |
| 2021-22 | 40 .84 करोड़, |
| 2022-23 | 73 .86 करोड़, |
| 2023-24 | 54 .52 करोड़, |
| 2024-25 | 71 .98 करोड़ |
| 2025-26 | 92 .35 करोड़. |

## पूर्व एसआरए बेहरा के 6 ठिकानों पर विजिलेंस के छापे

**भुवनेश्वर, 24 अगस्त.** तिरतोल ब्लॉक में 3.02 करोड़ रुपये के सरकारी धन के गबन मामले में गिरफ्तार पूर्व एसआरए भंज किशोर बेहरा की मुश्किलें और बढ़ गई हैं. ओडिशा विजिलेंस ने पूछताछ में मिले नए तथ्यों के आधार पर सोमवार को उसके छह ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की. कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति (डीए) के आरोपों की जांच के तहत की जा रही है. भंज किशोर बेहरा को 12 अगस्त 2026 को सरकारी धन के 3 करोड़ 2 लाख 95 हजार रुपये के कथित गबन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था.